प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आज –प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत विभाजन से प्रभावित लोगों के साहस को किया याद।
- हमीरपुर ज़िले के बड़सर में कल होगा राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे ध्वजारोहण।
- स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम 7 बजे राष्ट्र को करेंगी संबोधित–मुख्यमंत्री का प्रदेशवासियों के नाम संदेश रात 8 बजे होगा प्रसारित।
- सांसद सुरेश कश्यप ने पिंजौर–बद्दी–नालागढ़ फोरलेन सड़क परियोजना का कार्य जल्द पूरा करने का केंद्र से किया आग्रह।
- लाहौल स्पीति जिंले की पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला फेम इंडिया एशिया पोस्ट के राष्ट्रीय सर्वे में देश के श्रेष्ठ पुलिस कप्तानों में शामिल।

विभाजन स्मृति दिवस

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 1947 में हुए भारत विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद करते हैं। इतिहास का वह क्षण जिसने कई जिंदगियों को तहस–नहस कर दिया, अपनों को खो दिया गया और असहनीय पीड़ा भी सहनी पड़ी। नरेंद्र मोदी ने कामना की कि यह दिन हमारे राष्ट्र में सद्भाव व भाईचारे को बनाए रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा और हम सब मिलकर एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा की ओर आगे बढ़ेंगे।

विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और असहनीय पीड़ा झेलने वाले सभी लोगों को देश आज श्रद्धांजलि दे रहा है।

हिमाचल–स्वतंत्रता दिवस

हिमाचल प्रदेश का राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह कल हमीरपुर ज़िले के बड़सर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में आयोजित किया जायेगा, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू समारोह की अध्यक्षता करेंगे और तिरंगा फहराएंगे। राज्य सरकार ने कल 15 अगस्त को राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में प्रदेश के सभी स्कूल कल खुले रहेंगे और बड़सर में होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री के संबोधन का सभी स्कूलों में सीधा प्रसारण किया जाएगा।

राज्य स्तरीय समारोह को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है और परेड के प्रतिभागी इन दिनों रिहर्सल कर के खूब पसीना बहा रहे हैं।

राष्ट्रपति– संबोधन

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन शाम 7 बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित होगा, जिसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण भी प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर किया जाएगा।

राष्ट्रपति के संबोधन को देखते हुए आकाशवाणी शिमला से शाम 7 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार बुलेटिन आज शाम 6 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित होगा।

इस बीच स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का प्रदेशवासियों के नाम संदेश आकाशवाणी शिमला से आज रात 8 बजे प्रसारित किया जायेगा।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि राजय सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बिलासपुर ज़िले की कोट पंचायत में एक कार्यक्रम में लोगों को सरकार की कृषि योजनाओं की जानकारी दी। राजेश धर्माणी ने बताया कि राज्य सरकार ने प्राकृतिक रूप से उगाई गई गेंहू का समर्थन मूल्य 80 रूपए प्रति किलो और मक्की का मूल्य 60 रूपए प्रतिकिलो तय किया है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से प्राकृतिक हल्दी का समर्थन मूल्य बढ़ाकर एक सौ 50 रूपए प्रति किलो किया जायेगा।

इस बीच राज्य सरकार ने घुमारवी स्थित मोरसिंघी में बालिका हैंडबॉल छात्रावास खोलने की अधिसूचना जारी कर दी है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि इसमें अंडर–14, अंडर–17 और अंडर–19 आयुवर्ग की बालिका खिलाड़ियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रत्येक आयु वर्ग में 16–16 खिलाड़ियों के रहने व प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी।

भाजपा प्रदर्शन

नाहन मैडिकल कॉलेज की कथित अनदेखी और सिरमौर ज़िले में अनेक सरकारी संस्थान बंद करने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाहन में विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल की अगुवाई में राज्यपाल को उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन भेजा। बिंदल ने आरोप लगाया कि नाहन मैडिकल कॉलेज में असुविधाओं का अंबार है और ये कॉलेज अब बंद होने की कगार पर पहुंच चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने ज़िले में अनेक स्वास्थ्य व शिक्षण संस्थान और राजस्व कार्यालय बंद कर दिए हैं जिससे लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि पिंजौर–बद्दी– नालागढ़ फोरलेन परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसके लिए समयबद्ध कार्य योजना सुनिश्चित की जाए। सुरेश कश्यप ने लोकसभा में नियम 377 के तहत इस सड़क की दयनीय हालत का मामला उठाते हुए कहा कि इस सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करवाया जाए ताकि क्षेत्र की जनता, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और उद्योगों को लम्बे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिल सकें।

एस. पी. पुरस्कार

जनजातीय जिला लाहौल स्पिति की पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला को फेम इंडिया एशिया पोस्ट के राष्ट्रीय सर्वे में देश के श्रेष्ठ पुलिस कप्तानों में शामिल किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से लाहौल स्पिति सहित प्रदेश का गौरव बढ़ा है। ये सम्मान शिवानी मेहला की जनसेवा की भावना का भी प्रतीक है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे लाहौल स्पिति ज़िला सम्वाद्दाता...........

राजीव भारद्वाज

भाजपा सांसद राजीव भारद्वाज ने चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र में लम्बे समय से विचाराधीन सिकरीधार सीमेंट प्लांट को शीघ्र स्थापित करने की मांग की है। राजीव भारद्वाज ने लोकसभा में केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि ये परियोजना चंबा जैसे आकांक्षी ज़िला के आर्थिक विकास और स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखत दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–आपदा प्रभावितों का पुनर्वास सरकारों की जिम्मेबारी, पीछे नहीं हट सकते।

पंजाब केसरी की सुर्खी है– विधानसभा उपाध्यक्ष व मुख्य सचेतक पद पर संजय रतन व आशीष बुटेल के नाम की चर्चा ।

हिमाचल दस्तक ने मंत्रिमडल विस्तार की खबर को सुर्खी दी है–हिमाचल में मंत्रिमडल का विस्तार फिलहाल स्थगित–देर रात राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से मिले सुक्खू।

दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–सिरमौर के डॉक्टर जोगिंदर हाब्बी को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार–सिरमौर नाटी को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आज –प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत विभाजन से प्रभावित लोगों के साहस को किया याद।
- हमीरपुर ज़िले के बड़सर में कल होगा राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे ध्वजारोहण।
- स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम 7 बजे राष्ट्र को करेंगी संबोधित–मुख्यमंत्री का प्रदेशवासियों के नाम संदेश रात 8 बजे होगा प्रसारित।
- सांसद सुरेश कश्यप ने पिंजौर–बद्दी–नालागढ़ फोरलेन सड़क परियोजना का कार्य जल्द पूरा करने का केंद्र से किया आग्रह।
- लाहौल स्पीति जिंले की पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला फेम इंडिया एशिया पोस्ट के राष्ट्रीय सर्वे में देश के श्रेष्ठ पुलिस कप्तानों में शामिल।